<u>समाचार</u>

# वार्ड क्र. 07, 08 एवं 10 में 109 लाख रू. के विकास कार्य प्रारंभ

## (महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एंव नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने किया कार्य हेतु भूमिपूजन)




कोरबा 07 नवम्बर 2017 –निगम द्वारा आज कोरबा जोन के वार्ड क्र. 07, 08 एवं 10 में 01 करोड़ 09 लाख रूपये के विकास कार्यो का शुभारंभ किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल तथा नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने इन सभी कार्यो का विधिवत भूमिपूजन एवं शुभारंभ किया तथा कार्य प्रारंभ कर पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य संपादन करते हुए समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 07 अंतर्गत मोचीपारा में 22 लाख 04 हजार रूपये की लागत से सी. सी. रोड एवं नाले का निर्माण, वार्ड क्र. 08 अंतर्गत कुम्हारपारा में 19 लाख 74 हजार रूपये की लागत से सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण के साथ–साथ वार्ड क्र. 10 अंतर्गत केनाल रोड संजयनगर रेलवे क्रांसिंग से शनि मंदिर तक 51 लाख 94 हजार रूपये की लागत से डामरीकरण कार्य तथा वार्ड क्र. 08 अंतर्गत इमलीडुग्गू में 14 लाख 93 हजार रूपये की लागत से डामरीकरण का कार्य कराया जाना हैं। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उक्त निर्माण कार्यो का भूमिपूजन व डामरीकरण कार्यो का विधिवत शुभारंभ उनके द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज कोरबा जोन के अंतर्गत आने वाले इन तीन वार्डो में 01 करोड़ से अधिक विकास कार्यो का शुभारंभ कराया गया है, यह इस बात का प्रमाण है कि निगम क्षेत्र में तेजी के साथ विकास कार्य संपादित कराए जा रहे हैं, सड़क, नाली, पानी, बिजली जैसी आवश्यक सुविधाओं से जुड़े इन कार्यो का सीधा लाभ आमनागरिकों को प्राप्त हो रहा है, मुझे प्रसन्नता है कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने जिस संकल्प के साथ निगम की बागडोर अपने हाथ में ली थी वे सभी संकल्प आज पूरे हो रहे हैं तथा महापौर द्वारा किए गए सभी वायदों को मूर्तरूप दिया जा रहा है। विधायक श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि निश्चित रूप से नगर निगम कोरबा क्षेत्र के सभी वार्डो में तेजी से विकास कार्य हुए हैं, लोगों की समस्याएं दूर हुई हैं तथा सुविधाओं में बढ़ोत्तरी हुई है। महापौर एवं उनकी टीम जनआंकाक्षाओं के अनुरूप कार्य करने में सफल हुई हैं, इसके लिए मैं महापौर एवं उनकी टीम को बधाई देता हॅू तथा मैं विश्वास दिलाता हॅू कि क्षेत्र के विकास के लिए मेरा पूर्ण सहयोग सदैव बना रहेगा।

<u>जनआंकाक्षाओं के अनुरूप कार्य, मेरा प्रमुख उद्देश्य</u> –इस मौके पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र के नागरिकबंधुओं की आंकाक्षाओं एवं उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य कराना ही मेरा प्रमुख उद्देश्य है, मुझे खुशी है कि नागरिकबंधुओं का भरपूर सहयोग एवं विश्वास मुझे प्राप्त हो रहा है, जिसकी बदौलत में उनकी इच्छा के अनुरूप विकास कार्यो को संपादित कर पा रही हॅू। उन्होने कहा कि आज कोरबा जोन के इन वार्डो में 01 करोड़ 09 लाख रूपये के विकास कार्य प्रारंभ कराए गए हैं, मैं वार्ड के नागरिबंधुओं को विश्वास दिलाती हॅू कि उनकी मांगों

के अनुरूप ही भविष्य में भी विकास कार्य होंगे, उनकी समस्याएं मेरी अपनी समस्याएं हैं तथा इन समास्याओं के निराकरण के लिए मैं पूर्णरूप से प्रतिबद्ध हूँ। इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्री सुफलदास के आग्रह पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल वार्ड क्र. 08 कुम्हार मोहल्ला में सार्वजनिक मंच बनाए जाने की घोषणा करने के साथ ही तत्संबंध में आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार वार्ड क्र. 07 मोतीसागरपारा में विद्युत खंभों पर लाईट लगाकर प्रकाश व्यवस्था करने तथा अव्यवस्थित विद्युत खंभों को व्यवस्थित किए जाने के निर्देश भी उन्होने अधिकारियों को दिए।

इस अवसर पर सभापति धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, सीताराम चौहान, मनकराम साहू, पूर्व सभापति संतोष राठौर, पार्षद ओमबाई श्रीवास, सुफलदास एवं बबीता वाल्मिकी, सुरेन्द्र जायसवाल, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल, दुकालू श्रीवास, संतोष लांझेकर, फारूख मेमन, छबि वाल्मिकी, एस.मूर्ति, एफ.डी.मानिकपुरी, रामकुमार लांझेकर, मनीषा अग्रवाल, लक्ष्मी चौहान, प्रेम मित्तल, राजू डिक्सेना, पवन अग्रवाल, राकेश ताती, मुकेश गोस्वामी आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।